# टीकमगढ़



नवभारत
भोपाल, बुधवार, 6 अगस्त 2025


### एक नजर में

## मंदिर में तीन महिलाओं के आभूषण चोरी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को जिले के कुंडेश्वर धाम मंदिर में तीन महिलाओं के मंगलसूत्र चोरी हो गए। हजारों की संख्या में भक्त दर्शन और पूजा के लिए मंदिर पहुंचे थे।**

महिलाएं जैसे ही पूजा करके लाइन में लगकर मंदिर में प्रवेश कर रही थींए अज्ञात चोरों ने उनके गले से मंगलसूत्र काट लिए। घटना से पीड़ित महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल है। सभी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। इतनी पुलिस व्यवस्था के बावजूद एक साथ कई महिलाओं के मंगलसूत्र चोरी होना चिंताजनक है।खिरिया पुलिस चौकी प्रभारी ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें कुछ भी बोलने से मना किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को जिले के कुंडेश्वर धाम मंदिर में तीन महिलाओं के मंगलसूत्र चोरी हो गए। हजारों की संख्या में भक्त दर्शन और पूजा के लिए मंदिर पहुंचे थे।

# जीर्णोद्धार की आस में प्राचीन चतुर्भुज मंदिर

**चतुर्भुज मंदिर में हैं भगवान द्वारकाधीश विराजमान**

**मोहनगढ़ के लोगों ने कलेक्टर से की कायाकल्प कराने की मांग**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़/ मोहनगढ़**

**जिले के छोटे से गांव मोहनगढ़ में स्थित एक प्राचीन ग्रेफाइट विष्णु मूर्ति का इतिहास वर्षों पुराना माना जाता है, जिसका इतिहास सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है। प्रतिमा के गहन विश्लेषण के बाद पता चला कि मोहनगढ़ किला के अंदर प्राचीन चतुर्भुज मंदिर में स्वयं भगवान द्वारकाधीश विराजमान है। यह मंदिर अब रख-रखाब के आभाव में जीर्णोद्धार की आस लगाए हुए है। मोहनगढ़ के लोगों ने जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से इस ओर ध्यान देने का आग्रह किया है ताकि मंदिर का कायाकल्प हो सके।**





दरअसल जानकारों की माने तो मंदिर में द्वारकाधीश की मूर्तियों में दिखने वाली कुछ विशिष्ट आकृतियाँ हैं, जिसमें उल्टा शंख, हाथ में दंड, और कमलासन। मूर्ति के ऊपरी दाहिने हाथ में सुदर्शन चक्र, निचले बाएं हाथ में गदा कौमोदकी, ऊपरी बाएं हाथ में शंख और कमल अंकित हैं। जैसा कि संलग्न चित्र में देखा जा सकता है। इस मूर्ति में गदा नहीं है, कमल ऊपरी बाएं हाथ में है और एक हाथ में दंड है जो भगवान श्रीकृष्ण की प्रमुख प्रतीकात्मकता है और द्वारकाधीश की मूर्तियों में भी देखा जाता है। साथ ही, कमलासन पर दोनों ओर पार्षद उपस्थित हैं और ऊपरी दाहिने हाथ की मुद्रा, जो दंड धारण कर रही है, वह भी द्वारकाधीश और इस मूर्ति दोनों में समान दिखाई देती है।

सोलंकी कालीन मूर्तियों से तुलना करने पर चेहरे की बनावट, जैसे धनुषाकार भौंहें, भरे हुए होंठ और तीखी नाक, समान दिखाई देती हैं। साथ ही उल्टा शंख, वस्तु पकड़े हाथ की विशिष्ट मुद्रा, और वरद मुद्रा में दाहिना निचला हाथ पूरी तरह से तराशा नहीं गया है, जो मूर्ति की विशिष्टता को दर्शाता है। यह मूर्ति ग्रेफाइट से बनी है और यह ज्ञात है कि सोलंकी वंश के पास ग्रेफाइट के समृद्ध संसाधन थे, जिनका उपयोग कला व स्थापत्य में किया जाता था। सोलंकी और चंदेल वंशों के बीच वैवाहिक संबंधों के माध्यम से धार्मिक मूर्तियों का आदान-प्रदान हुई होगी।

**भगवान कृष्ण के नाम से नामित हुआ मोहनगढ़**

सोलंकी राजा कुमारपाल द्वारा चंदेल राजकुमारी से विवाह का ऐतिहासिक उल्लेख भी इसी की पुष्टि करता है। गांव का नाम मोहनगढ़ है, और मोहन स्वयं कृष्ण का ही नाम है। संभव है कि यह गांव इसी मूर्ति के आधार पर नामित हुआ हो। द्वारकाधीश मंदिर से जुड़े श्री परेश पाधिया ने मूर्ति की तस्वीरों का विश्लेषण कर इसे 90प्रतिशत द्वारकाधीश मूर्ति मानने की संभावना व्यक्त की है। उन्होनें मूर्ति की तस्वीरें और तुलनात्मक विश्लेषण संलग्न किए हैं।



## दो पक्षों के विवाद का वीडियो आया सामने

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्यालय से महज 6 किलोमीटर दूर स्थित शिव धाम कुंडेश्वर मंदिर परिसर में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। घटना में एक युवक के साथ आधा दर्जन से अधिक लड़के मारपीट करते नजर आ रहे हैं। इस पूरी घटना का वीडियो मंगलवार को सामने आया है।**

वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि कई युवक एक व्यक्ति को घेरकर मार रहे हैं। पहले उस युवक ने भी लड़कों के साथ मारपीट की। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुंडेश्वर मंदिर परिसर की है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि विवाद किस बात को लेकर हुआ। पुलिस अधिकारी इस मामले में सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं और जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि इस मामले में अभी तक दोनों पक्षों की ओर से शिकायत नहीं आई है। वीडियो के आधार पर मारपीट करने वालों की पहचान की जा रही है। मुख्यालय से महज 6 किलोमीटर दूर स्थित शिव धाम कुंडेश्वर मंदिर परिसर में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया।

# अनाधिकृत कॉलोनाइजर को नोटिस जारी



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार एसडीएम टीकमगढ़ लोकेन्द्र सिंह सरल द्वारा मप्र ग्राम पंचायत कॉलोनियों को विकास नियम 2014 के अंतर्गत तहसीलदार टीकमगढ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर तहसील टीकमगढ अन्तर्गत विकसित हो रही अनाधिकृत कॉलोनियों के भूमिस्वामियों, कॉलोनी विकासकर्ताओं को नोटिस जारी किये जाकर उन्हें सुनवाई का अवसर देकर 15 दिवस में जबाव प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया है।**

भूमिस्वामी, कॉलोनी विकासकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत जबाव का सत्यापन तहसीलदार टीकमगढ से कराया गया। तहसीलदार टीकमगढ द्वारा प्रतिवेदन एवं पंचनामा प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि निम्न भूमिस्वामी, कालौनी विकासकर्ताओं के द्वारा निम्न खसरा नम्बरों में कालौनी विकसित करने में मप्र ग्राम पंचायत कॉलोनियों को विकास नियम 2014 एवं मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61 ग, 61घ, के प्रावधानों का उल्लंघन होना प्रतिवेदित किया है।

मप्र ग्राम पंचायत कॉलोनियों को विकास नियम 2014 के अध्याय - चार अवैध कालौनी का प्रबंधन के नियम 21 (3) (दो) के अन्तर्गत अवैध रूप से कालौनी वसानो का पता चलने पर भूमि का प्रबंधन लेने का अधिकार है। मप्र ग्राम पंचायत कॉलोनियों को विकास नियम 2014 के अध्याय-चार अवैध कालौनी का प्रबंधन के नियम 21 (1) के अनुसार सक्षम प्राधिकारी जानकारी में प्राप्त अवैध कालौनी के संबंध में एक सूचना जारी किये जाने का प्रावधान है।

## 8 अगस्त तक चलेगा प्रथम चरण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान तीन चरणों में चलाया जायेगा। प्रथम चरण में 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चाएं आयोजित की जाएंगी।**

साथ ही तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश व्यवस्था तथा सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन आदि गतिविधियां संचालित होगी।अभियान के द्वितीय चरण में 9 से 12 अगस्त तक लोगों को साथ लाने, व्यापक प्रचार-प्रसार, ध्वजों की उपलब्धता तथा सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगे की दृश्यता के लिये कार्य किये जायेंगे। स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला, तिरंगा केसर्ट, तिरंगा बाइक, तिरंगा साइकिल रैली, उच्च जनभागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, तिरंगा ध्वज की बिक्री और समुचित व्यवस्था, मानव श्रृंखला निर्माण, तिरंगा गान जैसे कार्यक्रम होंगे। अभियान के तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर, कार्यालयों तथा वाहनों पर तिरंगा लगाने, सेल्फ़ ी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान किया जायेगा।

## हर घर तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सिविल लाइन रोड स्थित भाजपा कार्यालय में मंगलवार को जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल अध्यक्षों को हर घर तिरंगा यात्रा के विषय पर निर्देश दिए गए। साथ ही कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती और अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की गई।**



इस अवसर पर संभागीय संगठन मंत्री मुकेश चतुर्वेदी और भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया। जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने बताया कि तिरंगा यात्रा के लिए जिले के सभी मंडलों पर प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। ये प्रभारी दो दिन के भीतर मंडल स्तर पर बैठकें आयोजित करेंगे।राजपूत ने बताया कि मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा के लिए संयोजक बनाए गए हैं। 10 अगस्त से 14 अगस्त तक मंडल स्तर पर तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर भी तिरंगा सम्मानपूर्वक फहराएंगे। नगर में एक बड़ी तिरंगा यात्रा का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष और सागर संभाग प्रभारी चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता देवतुल्य हैं। वे विकट परिस्थितियों में भी पार्टी को अपना अमूल्य समय दिया है।

## विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की है।**

तदनुसार श्री श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मुख्य नगर परिषद खरगापुर को गीता भवन निर्माण हेतु भूमि का आवंटन किया गया। साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत जल निगम को वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट कंस्ट्रक्शन हेतु ग्राम डिकोली चक्र 2 तहसील बड़ागांव धसान में भूमि का आवंटन किया गया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही अनेक कार्य जो शुरू नहीं हुए है उन्हें सुचारु रूप से प्रारंभ करने की तैयारी प्रशासनिक स्तर पर चल रही है। जिसको लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय निर्माण कार्यो को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

# पूर्व विधायक ने निकाली 17वीं कांवड़ यात्रा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सावन के अंतिम दिनों में टीकमगढ़ के पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने अपनी 17वीं कावड़ यात्रा निकाली। यह यात्रा ग्राम पंचायत नन्ही टेहरी के मड़खरा तालाब से शुरू हुई और बुड़ेरा, पठा, पुरानी टेहरी होते हुए शाम करीब 6 बजे टीकमगढ़ पहुंची। यात्रा में बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज और क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह शामिल रहे।**



पूर्व विधायक श्रीवास्तव ने बताया कि वे 16 साल से हर सावन में कांवड़ यात्रा निकालते आ रहे हैं। इस साल यात्रा को पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण और तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने के संकल्प के साथ आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने घोषणा की कि यह अभियान एक दिन की यात्रा तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि साल भर जारी रहेगा। इस अभियान के तहत पहले चरण में टीकमगढ़ के 11 तालाबों को शामिल किया गया है। जनप्रतिनिधियों और समाज सेवियों की एक टीम बनाकर इन तालाबों की फ ीडर नहरों का निरीक्षण किया जाएगा। जहां भी अतिक्रमण मिलेगा उसे स्थानीय लोगों और जिला प्रशासन की मदद से हटाया जाएगा। श्रीवास्तव का लक्ष्य है कि साल भर के भीतर जिले के 77 तालाबों का दौरा किया जाए। उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

उनका मानना है कि जिले के 486 तालाबों में अगर साल भर पर्याप्त पानी रहा तो किसानों को खेती के लिए भरपूर पानी मिल सकेगा। टीकमगढ़ पहुंचने के बाद कावड़ यात्रा शिव धाम कुंडेश्वर के लिए रवाना हुई जहां भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से अभिषेक और पूजन किया गया।

# गौवंश की दुर्दशा के विरोध में महाराज ने किया रुद्राभिषेक

**कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा मांगों का ज्ञापन**

**जल्द से जल्द निराकरण नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। शहर सहित जिले भर में गोवंश की दुर्दशा के विरोध में बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज ने अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में शिवलिंग स्थापित कर रुद्राभिषेक कर अपनी मांगों को बुलंद किया। इस प्रदर्शन की जानकारी लगते ही कलेक्टर के निर्देशन पर एसडीएम लोकेंद्र सिंह सरल ने मौके पर पहुंचकर महंत सीताराम दास महाराज से चर्चा कर उनकी मांगों का ज्ञापन लिया।**



मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में हुए प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। रुद्राभिषेक के बाद महंत ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। महंत सीताराम दास ने कहा कि जिले भर में गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रशासन असंवेदनशील है। प्रमुख सड़कों पर गाय-बैल भटक रहे हैं। गांव-गांव में शासकीय गौशालाएं खुलने के बावजूद गोवंश के लिए उचित प्रबंध नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों द्वारा पहले भी आंदोलन, धरना-प्रदर्शन किए गए और ज्ञापन दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद पशुपालन विभाग और जिला प्रशासन ने गोवंश संरक्षण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। महंत ने जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर मिनौरा भेड़ फॉर्म में गोवंश संरक्षण की मांग दोहराई।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्रशासन ने पहले आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। महंत सीताराम दास ने चेतावनी दी कि अगर जिले भर में घूम रहे निराश्रित गोवंश के लिए जल्द से जल्द उचित प्रबंध नहीं किए गए, तो वे जिले भर में धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करने को विवश होंगे। शहर सहित जिले भर में गोवंश की दुर्दशा के विरोध में बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज ने अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में शिवलिंग स्थापित कर रुद्राभिषेक कर अपनी मांगों को बुलंद किया।

**जनसुनवाई** **प्रशासन चलो गांव की ओर के तहत हुई जनसुनवाई**

# कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर कराया निराकरण

**नवभारत न्यूज पलेरा। प्रशासन चलों गांव की ओर के तहत मंगलवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय अचानक पलेरा पहुंचे जहां उन्होनें स्थानीय तहसील कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में भाग लिया। जनसुनवाई के दौरान विशेष रूप से उन विकास कार्यों पर चर्चा की गई जो किसी न किसी कारण वश अधर में लटके हुए है। इसके साथ ही कलेक्टर ने जनसुनवाई में अपनी समस्याएं लेकर आए ग्रामीणों से मुलाकत कर उनकी समस्याओं के निराकरण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।**



जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के समक्ष मुख्य रूप से श्मशान घाट का निर्माण, ऑडिटोरियम हेतु भूमि की व्यवस्था, गीता भवन के लिए भूमि आवंटन तथा हॉकर्स जोन से संबंधित विषय प्रमुख रूप से सामने आए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के आवंटन से जुड़ी शिकायतें भी प्राप्त हुईं। कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा और लंबित मामलों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। श्री श्रोत्रिय ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग और पुलिस विभाग के समन्वय से भूमि संबंधी मुद्दों का समाधान करने की बात कही। साथ ही उन्होंने एसडीएम और तहसीलदार को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

प्रशासन चलों गांव की ओर के तहत मंगलवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय अचानक पलेरा पहुंचे जहां उन्होनें स्थानीय तहसील कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में भाग लिया। जनसुनवाई के दौरान विशेष रूप से उन विकास कार्यों पर चर्चा की गई जो किसी न किसी कारण वश अधर में लटके हुए है। इसके साथ ही कलेक्टर ने जनसुनवाई में अपनी समस्याएं लेकर आए ग्रामीणों से मुलाकत कर उनकी समस्याओं के निराकरण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

**यह अधिकारी-जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित**

जनसुनवाई में कलेक्टर के साथ नगर परिषद पलेरा अध्यक्ष श्रीमती गायत्री विनोद वर्मा, पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद पलेरा सुनील खटीक,एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, जनपद पंचायत सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा, सीएमओ नगर परिषद पलेरा सुश्री शिवि उपाध्याय, तहसीलदार कुलदीप सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भर्ती के लिए लगाए जाएंगे शिविर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भारत सरकार के पसारा अधिनियम के अंतर्गत टीकमगढ़ एवं निवाड़ी जिले में सिक्योरिटी एण्ड इनटेलिजेंस सर्विसेज लिमिटेड द्वारा सुरक्षा गार्ड एवं सुरक्षा सुपरवाइजरों की भर्ती हेतु शिविरों का आयोजन किया जायेगा।**

शासकीय आईटीआई पृथ्वीपुर में 19 अगस्त को, शासकीय अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पी.जी. कॉलेज निवाड़ी में 20 एवं 21 अगस्त को, युवा संगम, रोजगार मेला जिला निवाड़ी में 22 अगस्त को, शासकीय आईटीआई पलेरा में 23 अगस्त को, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय जतारा में 25 एवं 26 अगस्त को, शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ में 27 अगस्त को तथा युवा संगम, रोजगार मेला जिला टीकमगढ़ में 28 अगस्त को विशेष भर्ती अभियान का आयोजन होगा।



## हमलावर ने दिया हत्या की वारदात को अंजाम

**नवभारत न्यूज खरगापुर। थाना खरगापुर क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव में रहने वाले 35 वर्षीय राजकुमार कुशवाहा के सिर पर किसी ठोस वस्तु से हमला कर हत्या करने का मामला सामने आया है। जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।**

जानकारी के मुताबिक मृतक राजकुमार कुशवाहा घर में अकेला रहता था। अज्ञात हमलावर ने उसके ऊपर ठोस वस्तु से हमला कर उसकी हत्या करने की बारदात को अंजाम दिया है।

खरगापुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल के आस-पास निवासरत लोगों के कथन दर्ज किए है। मामला गंभीर होनें के कारण पुलिस इस मामले में बारीकी से हर पहलू पर जांच करने में जुटी हुई है। फिलहाल इस मामले को लेकर क्षेत्र में कई चर्चाएं हो रही है।